# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)



## "मिला पक्का मकान तो जज्बे ने भरी नई उड़ान"

| | | |
|---|---|---|
| लाभुक का नाम:- **पूर्णिमा कुमारी** | मोबाइल नंबर:- **6201920249** | वार्षिक आय:- **72000/-** |
| उम्र:- **23 वर्ष** | पेशा:- **CRP दीदी (DAY-NULM), अन्य लघु कार्य** | निकाय का नाम:- **राजमहल नगर पंचायत** |
| लाभुक संख्या:- **208017730361300115** | | राज्य का नाम:- **झारखण्ड** |

देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का शुभारम्भ देश के शहरी इलाको के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्नतथा मध्यम आय वर्ग के गरीब परिवार जिनके पास खुद का घर नहीं है या कच्चे घर है उन्हें स्वयं का पक्का मकान उपलब्ध कराने हेतु किया गया है।

आइए जानते हैं एक ऐसी महिला के बारे में जिन्होंने इस योजना का काफी लाभ उठाया है और यह साबित करके दिखाया है की इन योजनाओं से एक आम आदमी की जीवन स्तर में काफी सुधार लाया जा सकता है। खुद लाभान्वित होने के बाद उन्होंने समाज के प्रति निष्ठा पूर्वक अच्छे कर्मों से सुधार लाने का फैसला भी किया है।

यह कहानी एक छोटे से परिवार से आने वाली साधारण सी महिला पूर्णिमा कुमारी (उम्र 23) की है, जो राजमहल नगर पंचायत अंतर्गत, वार्ड नंबर 10, मटियाल में अपने पति और बेटी के साथ एक कच्चे मकान में रहती थी। इस बीच नगर निकाय सर्वेक्षण टीम और वार्ड स्वंय सेवकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जानकारी पूर्णिमा को दी गयी। आवश्यक जाँच और लाभुक योग्यता की प्रक्रिया के पश्चात पूर्णिमा को योजना के तहत आवास आवंटन हुआ। वित्तीय वर्ष 2017-18 में इन्होंने अपना आवास निर्माण पूर्ण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके जीवन में एक बदलाव के रूप में काम किया।

पूर्णिमा कोविड-19 महामारी के दौरान भी काफी सक्रिय रही और जरूरतमंदों को हर संभव सहायता पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोरोनाकाल के दौरान राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन (CRP) के रूप में उनका चयन हुआ। योजना से जुड़ते ही उन्होंने स्वंय सहायता समूह एवं शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रत्यायोजित कार्यों में अपनी सक्रियता, कड़ी मेहनत और अपनी ईमानदारी दिखाई। इसके साथ ही वह राजमहल नगर निकाय अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) के तहत स्वयं सहायता समूह (SHG) में भी शामिल हुई और समूह की एक सक्रिय सदस्य बन गई। पूर्णिमा ने अपने साथ-साथ क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी समाज में साकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रेरित किया।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**